
# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नेपाल कर रहा है चीन के लिए जासूसी

**अलर्ट**

## एलएसी पर फायरिंग के बाद चीन सीमा सहित पूरे जिले में रेड अलर्ट

■चीन सीमा पर सेना और आइटीबीपी के जवानों ने कड़ी चौकसी बढ़ा दी



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। चीन सीमा पर गर्बाधार से लिपुलेख तक सड़क के बनने के बाद से नेपाल और चीन द्वारा कायराना हरकत और भी ज्यादा करने के मामले सामने आने लगे है। बता दें कि चीन के इशारे पर नेपाल ने भारत विरोध का अभियान तेज कर दिया है। जैसे ही हाल में भारत द्वारा चीन सीमा पर सड़क का काम पूरा किया गया।

दूसरी ओर नेपाल ने कालापानी लिुलेख लिपिंधुरा को अपने नक्शे में शामिल कर सीमावर्ती क्षेत्र में नेपाल ने आनन फानन में सशस्त्र बल की बीओपी तक खोल डाली थी। पूरे उच्च हिमालयी बार्डर आउट पोस्ट बीओपी को गुल्म बटालियन में तब्दील कर दिया। सुरक्षा ऐंजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक कव्वा में नेपाल ने बेस कैंप बनाने के साथ चीन के इशारे पर भारतीय सेना की सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के साथ जासूसी करने पर उतर आया है।

एलएसी पर बढ़ते तनाव के बीच ऐसे में नेपाल से चीन के लिए जासूसी करने के संकेत कुछ ज्यादा ही मिलने के संकेत दिख रहे है। जानकारी के मुताबिक एलएसी के पास फायरिंग होने के बाद पूरे जिला पिथौरागढ़ के साथ यहां से लगती चीन सीमा पर सेना और आइटीबीपी के जवानों ने कड़ी चौकसी बढ़ा दी है।

तनाव बढ़ने के बाद सीमा पर आईटीबीपी की तीन अतिरिक्त बटालियन तैनात कर दी गई है। लिपुलेख से लिपियाधुरा तक सेना और आईटीबीपी के जवान पूरी तरह से गश्त कर रहे है। बता दें कि जिला पिथौरागढ़ से चीन सीमा की दूरी महज केवल एक सौ छतीस किमी है। जिला मुख्यालय से मात्र सौ किमी दूरी पर चीन ने मिसाइल लाचिंगपैड लगाई है। इस सीमा पर चीन के साथ नेपाल का भी इलाका जुड़ता है।

वही 1962 के बाद आज तक चीन कभी यहां घुसपैठ करने की हिम्मत तक नही जुटा पाया। बढ़ते तनाव के बाद आईटीबीपी की अग्रिम चौकियों तक चीन सीमा पर पूरी तरह भरतीय सेना व आईटीबीपी के जवान की मुस्तैदी बढ़ा दी गई है।

## न्यूज डायरी

### 14 से 20 सितम्बर तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन शिव प्रकाश ने प्रथम प्रदेश वर्चुअल बैठक को सम्बोधित किया। शिव प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 70 वाँ जन्म दिन जो 17 सितम्बर को है के संदर्भ में 14 से 20 सितम्बर तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 सितम्बर को प. दीन दयाल उपाध्याय का जन्म दिन हर बूथ पर आयोजित होगा। गांधी जयंती व शास्त्री जयंती के संदर्भ में 26 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक आत्म निर्भर भारत व अन्य कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने भी सम्बोधित किया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए।

### नंदा देवी निर्धन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन ने 16 सूत्रीय मांगों पर धरना दिया

**संवाददाता** देहरादून। नंदा देवी निर्धन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन ने लंबे समय से अपनी 16 सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। बुधवार को एसोसिएशन से जुड़े हुए दिव्यांग प्रदेश अध्यक्ष बसंत थपलियाल के नेतृत्व में तिलक रोड स्थित आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय में इकट्ठा हुए और 16 सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर बसंत थपलियाल ने कहा कि लंबे समय से पेंशन भी नहीं मिल पा रही है जिससे उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि लगातार आंदोलन करने के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है जिससे उनमें रोष बना हुआ है।

### एनआरआरएस ने उत्पादों की आयुर्वेदिक हीलिंग टच रेंज पेश की

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के सबसे बड़े अगरबत्ती उत्पादक और साइकल प्योर अगरबत्ती के निर्माता, एन. रंगा राव एंड संस (एनआरआरएस) ने "हीलिंग टच" ब्रांड के तहत आयुष प्रमाणित व्यक्तिगत और घरेलू स्वच्छता उत्पादों को लॉन्च किया है। यह रेंज आयुर्वेदिक फार्मूला आधारित हैंड सेनिटाइजर, वेजीटेबल व फ्रूट वाश और मल्टी–सरफेस डिसइन्फेक्टेंट स्प्रे प्रदान करती है। इन उत्पादों को आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है और इन्हें कीटाणुओं व जीवाणुओं से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कंपनी ने सुगंधित उत्पादों के व्यवसाय से आगे बढ़ कर अब उपभोक्ताओं की रोजमर्रा जरूरतों को पूरा करने वाले गुणवत्ता युक्त उत्पाद पेश किये हैं।

## प्रदेश भर में विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जनरल ओबीसी इम्पलाईज एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जोशी पर लगाये गये आरोपों की जांच किये जाने के विरोध में प्रदेश भर में विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार किया। आज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक जोशी के खिलाफ जांच किये जाने के विरोध में सचिवालय सहित प्रदेश भर के विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार किया। कार्मिक जांच को बंद किये जाने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार पर रहे और जल्द ही जांच को बंद किये ाजने की मांग की गई और कहा कि लगातार इस प्रकार की जांच से कामकाज में बाधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव वीरेन्द्र सिंह गुसांई ने कहा कि एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी के विरूद्ध सरकार द्वारा किये जा रहे जांच के कुचक्र का एसोसिएशन घोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि नौ सितम्बर को एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया गया है और उसके बाद नौ सितम्बर को बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जायेगी।

## महानगर कांग्रेस ने नगर आयुक्त को गिनाई समस्यायें

महानगर की सभी सड़कों के गढढे शीघ्र भरवायें जायः लालचन्द शर्मा

**संवाददाता**

देहरादून। दून महानगर की विभिन्न समस्याओ को लेकर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने नगर आयुक्त से उनके कार्यालय मे मुलाकात कर महानगर की समस्याओं को गिनाया और उनके शीघ्र निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नगर आयुक्त को देहरादून महानगर की जनहित से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण की मांग की।

इस अवसर पर नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में महानगर कांग्रेस के प्रतिनिधिमण्डल ने मांग की कि नगर निगम क्षेत्र में जिस कम्पनी को एल. ई.डी. की व्यवस्था तथा उसके रख–रखाव की जिम्मेदारी दी गई थी वह सुचारू रूप से नहीं कर पा रही है तथा महानगर के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईटें खराब पड़ी हुई हैं इन्हें शीघ्र दुरूस्त करवाया जाय। बरसात के कारण बिजली के पोल के स्विच खराब होने से कई जगह स्ट्रीट लाइट बंद है। जिससे रात को लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठीक कराई जानी नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर कहा गया कि साथ ही नगर निगम में जोडे गये नए वार्डों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का काम जल्द शुरू किया जाए। चक डांडा लखौण्ड सहस्रधारा रोड़ स्थित वेदान्तपुरम आवसीय कॉलोनी की सड़कों की एलईडी स्ट्रीट लाइटें काफी समय से खराब चल रही हैं जिससे अंधेरे के कारण सड़क पर आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कॉलोनी की एलईडी स्ट्रीट लाइटें शीघ्र बदलवाई जाय। उन्होंने कहा कि देहरादून महानगर में बरसात के चलते मोहल्लों की सड़कों में बडे–बडे गड्ढे हो चुके हैं तथा मरम्मत का कार्य भी नही हो पाया है। अतः महानगर की सभी सड़कों के गढढे शीघ्र भरवाये जांय। वार्ड नं0 31 अम्बेडकर पार्क, गोविन्दगढ़, टीचर कॉलोनी, पंचपुरी, गांधी नगर, इन्दिरा पुरम की सडकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा रोज–रोज दुर्घटनायें घटित हो रही हैं।

## खबर का असरः एसडीएम खुद पहुंचे उच्च हिमालयी गांवों का हालाचाल लेने

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ की चीन सीमा से लगे उच्च हिमालयी गांवों में स्वास्थ सेवाओं का का इंताजाम न होने से संबधित खबर पेज थ्री में प्रकाशित हाने के बाद सीमांत तहसील धारचूला का क्षेत्रीय प्रशासन हरकत में आया।

बता दें कि इस खबर को पेज थ्री द्वारा बीते आठ तारीख के अंक में प्रमुखता से उठाया गया था। मौके पर धारचूला के उपजिलाधिकारी एस के शुक्ला ने इस खबर का संज्ञान लेने के बाद चीन सीमा से लगे उच्च हिमालयी क्षेत्र के गांवों का हालचाल लेने वे स्वयं गुंजी पहुंचे। वहां के ग्रामीणों से मिलकर उनके स्वास्थ की समस्या से रुबरू होने के साथ वहां उन्होंने तत्काल मौके पर एनएचपीसी की टीम को इन चीन सीमा से लगे गांवो में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने व दवाइयां बांटने का उन्होने खुद जिम्मा भी उठाया। मंगलवार से शिविर का आयोजन प्रारम्भ कर दिया गया है। यह शिविर निशुल्क आयोजित किया जा रहा है। शिविर गुंजी और कुटी में आयेजित किया जा रहा है। शिविर के आयेजन होने के बाद उच्च हिमालयी क्षेत्रों के ग्रमीणों ने राहत की सांस ली है।



एनएचपीसी ने लगाया स्वास्थ शिविर

धारचूला के उपजिलाधिकरी ने बताया कि उन्होंने खुद गांवों का दौरा कर मौके पर गांवों में पहुचकर एनएचपीसी को शिविर लगाने के लिए पहल की। यह शिविर शुरू हो चुका है। अब इलाके के ग्रमीणों ने राहत भरी सांस ली है। धारचूला के सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण सिह गर्ब्याल ने पेज थ्री पर प्रकाशित इस खबर का उपजिलाधिकारी द्वारा मौके पर संज्ञान लिये जाने पर आभार जताया है।

## मध्य हिमालय के विकास के लिये समावेशी विकास की नीति की आवश्यकता

**संवाददाता** देहरादून। हिमालय दिवस के अवसर पर "हिमालय बचाओ" आन्दोलन के संयोजक पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा कि मध्य हिमालय के विकास के लिये एक जनोन्मुखी सतत समावेशी विकास की नीति की आवश्यकता है। उपाध्याय ने कहा कि अगर समय रहते मध्य हिमालय में हो रहे नकारात्मक पर्यावर्णीय प्रभावों को न रोका गया तो भारत को ही नहीं पूरे विश्व समुदाय को उसका खामियाजा भुगतान पड़ेगा, पूर्वी–दक्षिण एशिया के कई राष्ट्रों का अस्तित्व मिट जायेगा। देश की प्राणवायु, जल और अन्न सुरक्षायें खतरे में पड़ जायेंगी। उपाध्याय ने कहा कि 90 के दशक से वे सरकारों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। विश्व विख्यात पर्यावाणविद् सुन्दरलाल बहुगुणा के नेतृत्व में जम्मू–कश्मीर से लेकर अरुणाचल तक एक सघन हिमालय बचाओ आंदोलन भी चलाया गया था। उन्होंने कहा कि मध्य हिमालयी राज्यों के अलावा पूरे देश और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस कार्य के लिये आगे आकर सहयोग करना चाहिये।